# पाठ–8

# क्रिया

**उचित विकल्प पर ( ✓ ) का चिह्न लगाइए–**

1. कर्ता के अनुसार क्रिया के भेद होते हैं–
   (i) दो ☐ (ii) तीन ☐ (iii) पाँच ☐
2. जिस क्रिया को दूसरों से पूरा करवाया जाता है, उसे कहते हैं–
   (i) पूर्वकालिक क्रिया ☐ (ii) प्रेरणार्थक क्रिया ☐ (iii) संयुक्त क्रिया ☐
3. 'नरमाना' शब्द है–
   (i) संयुक्त क्रिया ☐ (ii) नामधातु क्रिया ☐ (iii) सकर्मक क्रिया ☐
4. किसी वाक्य में यदि एक ही क्रिया का प्रयोग किया गया हो, तो उसे कहते हैं–
   (i) संयुक्त क्रिया ☐ (ii) सामान्य क्रिया ☐ (iii) पूर्वकालिक क्रिया ☐
5. मुख्य क्रिया से पहले आने वाली क्रिया को कहते हैं–
   (i) सामान्य क्रिया ☐ (ii) संयुक्त क्रिया ☐ (iii) नामधातु क्रिया ☐

**रिक्त स्थान भरिए–**

1. 'मीरा नाचती है' यह क्रिया ______________ है।
2. 'सलीम मोची से अपने जूते सिलवाता है' यह क्रिया ______________ है।
3. 'मुन्ना दूध पीकर सो गया' यह क्रिया ______________ है।
4. 'मीरा गाना गा चुकी है' यह क्रिया ______________ है।
5. 'धोबी कपड़े धोता है' यह क्रिया ______________ है।

**दिए गए कथनों में सही के लिए ( ✓ ) तथा गलत के लिए ( ✗ ) का चिह्न लगाइए–**

1. क्रिया के मूल रूप को धातु कहते हैं।
2. क्रिया विकारी शब्द है।
3. पूर्वकालिक क्रिया मुख्य क्रिया के बाद आती है।
4. अकर्मक क्रिया में क्रिया के व्यवहार का फल सीधे कर्ता पर नहीं पड़ता।
5. क्रिया से किसी की विशेषता का बोध होता है।

**नीचे लिखे वाक्यों में सकर्मक क्रिया और अकर्मक क्रिया बताओ–**

1. हम फल लाए थे। ______________
2. राघव बस द्वारा आएगा। ______________
3. रोगी ने बाज़ार से दवाई मगँवाई। ______________
4. विवेक उठ गया। ______________
5. मैंने पत्र लिखा है। ______________

✿ **निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया का कौन-सा भेद है? सही विकल्प पर सही (✓) का चिह्न लगाइए–**

1. नौकर बर्तन माँजता है। अकर्मक क्रिया ☐ सकर्मक क्रिया ☐
2. अधिवक्ता न्याय दिलवाता है। प्रेरणार्थक क्रिया ☐ सामान्य क्रिया ☐
3. मोहन ने गाना गा लिया है। नामधातु क्रिया ☐ संयुक्त क्रिया ☐
4. सरिता खेलती है। सामान्य क्रिया ☐ संयुक्त क्रिया ☐
5. ठंड से मोहन थरथराने लगा। प्रेरणार्थक क्रिया ☐ नामधातु क्रिया ☐

LIVEWORKSHEETS